भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 776

जिसका उत्तर 07.12.2023 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-66 पर बाइपास

776 श्री के.सुधाकरन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कन्नूर के वलियान्नूर गांव के निवासियों से राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के बाईपास के निर्माण में आ रही समस्याओं के विशिष्ट समाधान के लिए कोई याचिका प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जनता की यह मांग रही है कि पीसी रोड के साथ विशेषकर (एल150+100) चैनेज से यात्रा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि चालिलमोटा से पल्लीप्रोम होते हुए कन्नूर तक आसान पहुंच प्रदान की जा सके;

(घ) क्या जनता की यह मांग रही है कि एल 150/596 चैनेज के किनारे निर्माण योजना में परिवर्तन करके कोझीकोड की ओर लाई जाए, ताकि विशेष रूप से सर्विस रोड का निर्माण मूल योजना के बजाय निचले खंड में किया जा सके;

(ड.) क्या वरम फील्ड क्षेत्र से एकत्रित वर्षा जल को करिक्कनचिरा के माध्यम से कक्कड़ नदी तक पहुंचाने के लिए जल निकासी प्रणाली स्थापित करने की मांग की गई है; और

(च) यदि हां, तो क्या इन मांगों को अनुमोदित कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) जी, हां। कन्नूर जिले के वलियान्नूर गांव के निवासियों ने केरल में रारा-66 के थलीपरंभा - मुजापिल्लंगड खंड को 6-लेन बनाने की परियोजना में निम्नलिखित अतिरिक्त प्रावधान करने का अनुरोध किया है:

i. किमी 150/600 से किमी 150/100 तक (पीसी रोड तक) सर्विस रोड का विस्तार।
ii. किमी 149/700 से किमी 150+100 तक (पीसी रोड तक)वायाडक्ट का विस्तार।
iii. वर्षा जल के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए किमी 150/100 से किमी 150/600 तक क्रॉस ड्रेन उपलब्ध कराना।
iv. किमी 150/100 पर क्रॉसिंग सुविधा।
v. करिक्कनचिरा के माध्यम से वरम फील्ड क्षेत्र से कक्कड़ नदी तक वर्षा जल पहुंचाने के लिए जल निकासी प्रणाली उपलब्ध कराना।

(च) जी, नहीं। चूंकि इस परियोजना के रियायत समझौते में खंड के साथ-साथ पर्याप्त सर्विस रोड, क्रॉसिंग सुविधा और जल निकासी सुविधा का प्रावधान है।

*****